समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते छात्र ● जागरण

कोलकाता : महानगर के जोका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल ने अपना चौथा वार्षिकोत्सव मनाया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम क्राइसिलिस 2017 का आयोजन किया गया जिसमें मिले सुर मेरा तुम्हारा की भावभीनी प्रस्तुति पर लोग भावविभोर हो गये। कार्यक्रम के आरंभ में विद्या भारती फाउंडेशन के संस्थापक दिवंगत सुरेंद्र अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य ऋतुपर्णा चटर्जी ने उद्घाटन भाषण में डीपीएस की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मर्चेंट आफ वेनिस व भोलाराम का जीव का मंचन भी किया गया। समारोह में 453 बच्चों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डीपीएस जोका 8 .63 एकड़ में फैला आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विद्यालय है जिसमें 100 से अधिक विश्वस्तरीय कर्मचारी व शिक्षक 1600 बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।